## मांग संख्या 79
## मुख्य शीर्ष 2210

**मद कमांक 1**

चंदूलाल चंद्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग के लिए सामग्री एवं पूर्तियां में दवाईयों के कय हेतु ₹3600.00 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 3600,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**मद कमांक 2 से 3**

नाबार्ड ऋण योजनांतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर परिसर में इंटीग्रेटेड चिकित्सालय की स्थापना हेतु कार्यालय फर्नीचर तथा उपकरण कार्य एवं गैर कार्यालयीन फर्नीचर हेतु ₹ 1.00 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजनों हेतु ₹ 200 प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**मद कमांक 4**

चिकित्सा शिक्षा संचालनालय, रायपुर हेतु आयुक्त (Commissioner) कार्यालय में 08 पदों के सृजन हेतु ₹ 1.00 लाख का व्यय संभावित है। यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा। पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क. | पदनाम | वेतन मैट्रिक्स | पद संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | आयुक्त | लेवल-14 | 01 |
| 2. | स्टेनोग्राफर | लेवल-7 | 01 |
| 3. | स्टेनोटायपिस्ट | लेवल-4 | 01 |
| 4. | सहायक ग्रेड-3 | लेवल-4 | 02 |
| 5. | वाहन चालक | लेवल-4 | 01 |
| 6. | भृत्य | लेवल-1 | 02 |
| | | **पदों की संख्या** | **08** |

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 100 प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

## मुख्यशीर्ष 4210

**मद कमांक 5 से 6**

नाबार्ड ऋण योजनांतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर परिसर में इंटीग्रेटेड चिकित्सालय की स्थापना हेतु भवनों का निर्माण हेतु ₹ 1.00 लाख एवं चिकित्सकीय उपकरण हेतु ₹1.00 लाख इस प्रकार कुल 2.00 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है। यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा।

अत: उक्त प्रयोजनों हेतु ₹ 200 प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**मद कमांक 7**

चंदूलाल चंद्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग के अधिग्रहण हेतु भुगतान की प्रतिपूर्ति के लिए भवनों का कय हेतु ₹ 1,155.00 लाख का व्यय संभावित है।

अत: इस प्रयोजन हेतु राशि ₹ 11,55,00,000 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**मद कमांक 8**

चंदूलाल चंद्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग अधिग्रहण हेतु आकस्मिकता निधि से राशि ₹5000.00 लाख का अग्रिम स्वीकृत किया गया है।

अत: आकस्मिकता निधि से लिये गये अग्रिम की प्रतिपूर्ति हेतु राशि ₹50,00,00,000 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**मद कमांक 9 से 10**

केन्द्र प्रवर्तित योजनांतर्गत चंदूलाल चंद्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग के अधिग्रहण हेतु चिकित्सकीय उपकरण हेतु 1256.28 लाख एवं भवन निर्माण हेतु 4016.76 लाख इस प्रकार कुल राशि ₹5273.04 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि ₹ 52,73,04,000 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।